Seventeenth Loksabha

an>

Regarding issue of Toll Plaza in Pratapgarh Parliamentary Constituency.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं अभी हाल ही में सदन में माननीय सड़क परिवहन मंत्री ने यह घोषणा की थी कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर 60 किलोमीटर के भीतर दो टोल स्थापित नहीं होंगे और दो बार जनता को टोल टैक्स का भार नहीं दिया जाएगा । … (व्यवधान)

मान्यवर, उसी संदर्भ में मैं अवगत कराना चाहता हूं कि मेरे लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ के बीच से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 330 अयोध्या प्रयागराज पर पहले से ही मऊआइमा में टोल स्थापित है जिससे होकर लोग अयोध्या एवं सुल्तानपुर से मुड़कर लखनऊ की ओर जाते हैं । … (व्यवधान)

मान्यवर, मऊआइमा के संचालित हो रहे टोल से मात्र 35 किलोमीटर की दूरी पर कोहंडौर बाजार के धरौली मधुपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा दूसरे टोल की स्थापना का कार्य आरंभ किया गया जिसमें किसानों द्वारा उत्पन्न किए गए विवाद पर मुझे यह ज्ञात हुआ कि वहां टोल निर्माण की प्रक्रिया आरंभ हो रही है जबकि दूसरी तरफ प्रस्तावित टोल से मात्र 30 किलोमीटर दूर लखनऊ जाने वाले मार्ग पर सुल्तानपुर में भी पूर्व से टोल संचालित है। इस प्रकार प्रयागराज से प्रतापगढ़ पहुंचने पर 40 किलोमीटर के बाद पुनः तथा कोहंडौर बाजार से लखनऊ जाते समय मात्र 30 किलोमीटर के बाद सुल्तानपुर में स्थित पूर्व में संचालित होने के बावजूद भी धरौली मधुपुर में प्रस्तावित टोल के कारण जनमानस को मात्र 30 से 40 किलोमीटर के भीतर दो-दो बार टोल का भार डालने का प्रयास राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। … (व्यवधान)

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन मंत्री से निवेदन करना चाहता हूं कि निर्धारित मानक की दूरी ना होने के कारण मेरे लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 330 प्रयागराज अयोध्या के कोहंडौर बाजार के निकट धरौली मधुपुर में प्रस्तावित टोल निर्माण की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की कृपा करें। … (व्यवधान)